निबंधन एवं शर्तें

तकनीकी अधिकारी (क्षय रोग नैदानिकी)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, केंद्रीय क्षय रोग प्रभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

उत्तरदायित्व:

1. केंद्रीय क्षय रोग विभाग में क्षय रोग निदान से संबंधित दिन-प्रतिदिन के पत्राचार कार्य करना।
2. क्षय रोग निदान की राज्य-वार वृद्धि की निगरानी करने में सहायता करना।
3. क्षय रोग निदान केंद्रों द्वारा कार्य-निष्पादन रिपोर्ट की समय पर प्रस्तुति को सुनिश्चित करना।
4. परियोजना स्थलों से डाटा संकलन, नई नैदानिक प्रौद्योगिकियों की पायलटिंग/मूल्यांकन करने में सहायता करना।
5. राज्यों के पर्यवेक्षकीय दौरों की योजना बनाने तथा राज्यों द्वारा की गई कार्रवाई पर रिपोर्टों की निगरानी करने में एनआरएल की सहायता करना।
6. राज्यों द्वारा गुणवत्ता आश्वासन रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर निगरानी रखना और उनका संकलन करना।
7. प्रयोगशाला कार्य-निष्पादन पर सीटीडी से राज्यों को प्रतिक्रिया देने में सहायता करना।
8. प्रयोगशाला से संबंधित अधि-प्रापण के मुद्दों को युक्तिसंगत बनाना।
9. सीडीएसटी प्रयोगशालाओं, आईआरएल और एनआरएल में गुणवत्ता आश्वासन तथा गुणवत्ता नियंत्रण को सुनिश्चित करने में सहायता करना।
10. प्रयोगशालाओं के विभिन्न स्तरों हेतु मानक प्रचालन पद्धतियां बनाने और भावी अनुसरण एवं अनुपालन सुनिश्चित करने में सहायता करना।
11. एनआरएल के समन्वय में प्रयोगशालाओं से गुणवत्ता आश्वासन और गुणवत्ता नियंत्रण की भूमिका को युक्तिसंगत बनाना।
12. संबंधित डाटा एंट्री, वैधता तथा जन स्वास्थ्य कार्य हेतु इसके उपयोग के लिए आईसीटी एवं निक्षय के साधनों के उपयोग के संबंध में परिवर्तन प्रबंधन की सहायता करना।
13. कार्यक्रम की आवश्यकता के अनुसार सौंपा गया कोई अन्य कार्य।

अनिवार्य अर्हता अपेक्षाएं:

एमएससी चिकित्सा सूक्ष्मजीव विज्ञान।

अधिमानी अर्हता/कौशल:

वरीयत: क्षयरोग में 2 वर्ष का प्रयोगशाला अनुभव।

रिपोर्टिंग अधिकारी:

एडीडीजी-टीबी - क्षय रोग तकनीकी अधिकारी (क्षय रोग नैदानिकी) के समग्र प्रभारी होंगे।

आयु:

65 वर्ष तक और व्यापक यात्रा करने के लिए तैयार हों।

पारिश्रमिक:

पारिश्रमिक सीमा: 90,000 रुपए से 1,30,000 रुपए प्रति माह के बीच।

आवेदन करने के लिएः

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **22-Jul-2020** तक केवल recruitments.ctb@gmail.com पर ई-मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिष्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।